## गोरखपुर में तीनों दोस्त नहाने गए थे ■ आधे घंटे सर्च ऑपरेशन के बाद मिले शव

# राप्ती नदी में डूबकर 3 बच्चों की मौत

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में मंगलवार शाम राप्ती नदी में 3 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। तीनों दोस्त शाम करीब 6 बजे नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान अचानक गहरे पानी में चले गए।

घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने पुलिस और परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया। करीब आधे घंटे तक सर्च ऑपरेशन चला। इसके बाद तीनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले गए।

पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद




परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया। हादसा राजघाट थाना क्षेत्र का है। राजघाट थाना क्षेत्र के हांसूपुर निवासी निक्कू उर्फ अंश (15), शक्ति (15) और इरफान (16) मंगलवार शाम राप्ती नदी में नहाने गए थे। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। देखते-ही-देखते तीनों नदी में लापता हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस और प्रशासन की टीम ने पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान शुरू कराया। एसडीएम सदर दीपक गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए।

### मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

एसपी सिटी निमिष पाटील ने बताया करीब 6 बजे थाना राजघाट पुलिस को सूचना मिली कि राप्ती नदी में तीन बच्चे डूब गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और NDRF की टीमें मौके पर पहुंचीं। रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। काफी प्रयासों के बाद तीनों बच्चों के शव नदी से बरामद हुए। शवों को मॉर्च्युरी भेज दिया गया है।



### रोज यहां खेलने आते थे तीनों बच्चे

तीनों बच्चों की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, तीनों बच्चे रोज यहां खेलने और घूमने आया करते थे। मृतक इरफान के पिता फखरुद्दीन हलवाई हैं। परिवार में इरफान दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह इस्लामिया इंटर कॉलेज में 10वीं में पढ़ता था। शक्ति के पिता मोहन मजदूर हैं। शक्ति का एक भाई और एक बहन है। वह 9वीं कक्षा में पढ़ता था। निक्कू अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन है। निक्कू के पिता सुधीर भी मजदूरी करते हैं।

**सीएम योगी ने जताया दुख, जल्द मदद देने के निर्देश**

**तीन बच्चों की मौत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीड़ित परिवारों से संपर्क कर शासन की ओर से मिलने वाली सहायता जल्द उपलब्ध कराई जाए। बच्चों की आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।**

## ईद-उल-जुहा को लेकर प्रशासन अलर्ट डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च





तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ईशा प्रिया, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह तथा जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रतिक्षा सिंह ने संयुक्त रूप से फव्वारा तिराहा से कस्बा शहजादपुर होते हुए मालीपुर रोड तक फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने बाजार, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और किसी भी प्रकार की अफवाह या अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने की हिदायत देते हुए कहा कि साइबर टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### टीकाकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण

बाराबंकी। बाराबंकी में संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को शहर के विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### रायबरेली में सिंचाई विभाग पेंशनर्स का धरना स्थगित

रायबरेली। रायबरेली में सिंचाई विभाग पेंशनर एसोसिएशन का धरना बुधवार को अधिशासी अभियंता से सकारात्मक वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया। एसोसिएशन अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहा था।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने पहले ही अधिशासी अभियंता (शारदा सहायक खंड दक्षिणी) को पत्र लिखकर 25 मई तक समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। इस संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भी सूचित किया गया था।

### लेखपाल 6 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

बाराबंकी। बाराबंकी में भ्रष्टाचार के खिलाफ विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कोठी थाना क्षेत्र में हैदरगढ़ तहसील के मझियावां क्षेत्र के लेखपाल अमित कनौजिया और उनके निजी मुंशी विनय मिश्रा को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई कोठी चौराहे के पास पूर्व ब्लॉक प्रमुख की राइस मिल के सामने बने दफ्तर में हुई, जिससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण




तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय इंडियन नेशनल कांग्रेस से बलवीर सिंह धनगर तथा समाजवादी पार्टी से नाज़िम अब्बासी, सोनू ठाकुर एवं अजय ठाकुर मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। चंद्र प्रकाश सिंह ने सुरक्षा कर्मियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने, सतर्कता बनाए रखने और निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फायरिंग के बीच बच्चा सड़क पर रोता रहा, दरोगा ने दौड़कर गोद में उठाया

# बरेली में बच्चे को बेचने जा रहे किडनैपर्स का एनकाउंटर

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली । बरेली में डेढ़ साल के बच्चे को बेचने जा रहे 2 बदमाशों को पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया। बच्चे को सही सलामत उनके चंगुल से छुड़ा लिया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस जैसे ही बच्चे को लेकर परिवार के पास पहुंची, मां ने दौड़कर उसे गले लगा लिया। फूट-फूटकर रोने लगी। हाथ जोड़कर पुलिसवालों को धन्यवाद देती रही।

3 दिन पहले (24 मई) बच्चा अपने घर के बाहर से लापता हो गया था। काफी देर तक नहीं लौटा, तो घरवाले पुलिस के पास पहुंचे। CCTV चेक किए गए, तो 2 लोग बच्चे को किडनैप कर ले जाते दिखे।



**एसपी अंशिका वर्मा ने दरोगा से बच्चे को अपनी गोद में ले लिया। काफी देर तक उसे दुलारा। फिर उसे घरवालों को सौंप दिया। मुठभेड़ शहर के मनौना धाम से करीब 15 किलोमीटर दूर फुलासी तिराहे पर हुई।**

बरेली एसपी (साउथ) अंशिका वर्मा ने टीम बनाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। इस बीच, मंगलवार सूचना मिली कि किडनैपर बच्चे को बेचने जा रहे हैं। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। देर रात करीब 2 बजे 2 संदिग्ध बाइक से आते दिखे। रुकने का इशारा करने पर यू-टर्न लेकर भागने लगे। उनके साथ बच्चा भी था। पुलिस ने पीछा किया, तो बदमाशों की बाइक फिसल गई। बच्चा बदमाशों से छिटककर सड़क किनारे झाड़ियों में गिर गया। इसी बीच खुद को घिरता देख किडनैपर्स ने फायरिंग कर दी।



■ दोनों किडनैपर्स के पैर में गोली लगी है। उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। फायरिंग के बीच ही दरोगा सोमपाल जान पर खेलकर बच्चे के पास पहुंचे। उसे गोद में उठाकर एनकाउंटर स्पॉट से दूर ले गए। किडनैपर्स की फायरिंग में एक हेड कॉन्स्टेबल कौमिश कुमार भी घायल हुए हैं। किडनैपर्स की पहचान शाहजहांपुर के योगेश कन्नौजिया (28) और बदायूं के पवन सिंह (25) के रूप में हुई है।

मूलरूप से बदायूं के रहने वाले रमन, मनौना धाम में कर्मचारी हैं। पत्नी और 3 बच्चों के साथ धाम के पास ही किराए पर रहते हैं।

### किडनैपर्स की क्रिमिनल हिस्ट्री खंगाल रही पुलिस

पुलिस को पकड़े गए किडनैपर्स के पास से 2 तमंचे, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और अपहरण में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की बाइक मिली है। पुलिस किडनैपर योगेश कन्नौजिया और पवन की क्रिमिनल हिस्ट्री खंगाल रही है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया-48 घंटे के भीतर अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर घरवालों को सौंप दिया गया। साथ ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बदमाशों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। जिससे उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मारपीट-रंगदारी मांगने का आरोप, विधायक पत्नी के गनर ने भी क्रॉस केस लिखवाया

# कानपुर में सपा नेता इरफान सोलंकी पर एफआईआर

**हंगामा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में सीसामऊ सीट से सपा विधायक नसीम के पति इरफान सोलंकी पर बुधवार को मारपीट, गाली-गलौच और रंगदारी मांगने का केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि इरफान अपने समर्थकों के साथ मंगलवार की रात चमनगंज के हलीम ग्राउंड में लगने वाली बकरा मंडी पहुंचे। बकरा बाजार कमेटी के पदाधिकारी वफा अब्बास से 3 लाख की रंगदारी मांगी। मना करने पर मारपीट की। पुलिस ने वफा अब्बास की शिकायत पर इरफान सोलंकी पर नामजद और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ FIR लिखी है।




वहीं, विधायक पत्नी नसीम सोलंकी के गनर अजीम अहमद की शिकायत पर वफा अब्बास, इमरान, फहद के अलावा उनके अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। इरफान सोलंकी ने बताया कि हलीम मुस्लिम हंटर कॉलेज में बकरों की वर्षों पुरानी बाजार लगती है, जहां आने वाले ग्राहकों और कारोबारियों से वसूली की शिकायत मिल रह थी। इस पर वह पत्नी नसीम सोलंकी के साथ पहुंचे थे। विधायक नसीम सोलंकी ने वसूली का विरोध किया तो वफा अब्बास और उनके साथी भड़क गए और हमलावर हो गए।

**इरफान 34 महीने जेल में रहे, 8 महीने से जमानत पर**

पूर्व विधायक इरफान सोलंकी कानपुर की डिफेंस कॉलोनी में आगजनी मामले में जमानत पर बाहर हैं। वह 34 महीने जेल में रहकर पिछले साल 30 सितंबर 2025 को महाराजगंज की जेल से बाहर आए थे।

### वफा अब्बास ने कहा- इरफान सोलंकी ने रंगदारी मांगी

पटकापुर के रहने वाले वफा अब्बास ने बताया, हलीम ग्राउंड में कई सालों से बकरा बाजार लगवाई जा रही है। बकरीद के चलते मंगलवार रात बाजार में भारी भीड़ थी। सड़कें जाम हो रही थीं। इसलिए लोगों को रास्ते से हटने के लिए कह रहा था। तभी पूर्व विधायक इरफान सोलंकी अपने कुछ साथियों बाजार आए। मेरा नाम लेकर गाली देने लगे।

लोगों ने जब मुझे यह बात बताई तो मैं उनके पास पहुंचा। इसके बाद इरफान और उनके साथियों ने मुझे पीटना शुरू कर दिया। कमेटी के समीर, फहद, इकराम समेत अन्य लोगों ने विरोध किया तो इरफान सोलंकी ने उनके साथ भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर लात-घूसों से मारा। हम लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।



■ अखिलेश यादव के साथ इरफान सोलंकी और उनकी विधायक पत्नी नसीम सोलंकी। विधायकी रद्द होने के बाद उपचुनाव में नसीम सोलंकी ने सीसामऊ सीट से चुनाव जीता था।

### गनर पर मारपीट का आरोप लगाकर हंगामा

घटना के बाद बकरा बाजार के पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ एकजुट हो गए। लोगों ने हलीम ग्राउंड के सभी गेट बंद कर जमकर हंगामा किया। पूर्व विधायक मुर्दाबाद नारे लगाए। मौके पर पहुंची चमनगंज पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन पदाधिकारी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। करीब 2 घंटे हंगामा चलता रहा।

## नीम का पेड़ कितने दिन जागृति रहेगा किस तरह रखरखाव ?

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । हालांकि, सतत विकास की अवधारणा यह बताती है कि विकास ऐसा होना चाहिए जो पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करे और भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को भी खतरे में न डाले। इसी संकल्पना में 'पृथ्वी' पर हमारे बेहतर भविष्य के लिए दुनिया भर में पर्यावरण को बचाने के लिए 1972 में शिवश्व पर्यावरण दिवसश् के रूप में एक विशेष दिन की स्थापना की थी। दुनिया भर में तकनीकी विकास की खुशी में, हम भूल गए हैं कि हम कुछ खो रहे हैं। इस तरह के विकास ने हमें दूसरी ओर खुशी दी है; इसने हमसे कई प्राकृतिक विरासतों को छीन लिया है। गौर करें तो ये एक विरासत ही हैं कि शहर के अंदर एक विकास माडल का एक माल जोर शोर से बन रहा हैं । परन्तु उसके सामने लगभग 200 पुर्व का एक नीम पेड़ लगा हैं। अगर ' दिशा दशा' देखा जाय तो सोचने पर हम आप



विवश हो रहे हैं। ऐसे में कितने दिन और जागृति रहेगा ? उपरोक्त नीम का पेड़ ! व सत्यता को स्वीकार करें कि पेड़ों में जान होती है और यह एक वैज्ञानिक तथ्य है, जिसे भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने 1901 में क्रेस्कोग्राफ नामक उपकरण से साबित किया था; वे सांस लेते हैं, बढ़ते हैं, प्रजनन करते हैं और बाहरी उत्तेजनाओं (जैसे दर्द) पर प्रतिक्रिया करते हैं । तथा प्रमाण ! वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने दिखाया कि पौधे बाहरी बदलावों के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनकी धड़कनें भी होती हैं, जिसे वे रिकॉर्ड कर सकते थे, जिससे यह साबित हुआ कि पौधों में जीवन होता है ।

## चेतावनी : सड़कों पर पानी की बौछारें डाल रहे, 34 जिलों में लू, 16 में बारिश का अलर्ट

# यूपी में पारा 47.4 डिग्री सेल्सियस, ऑटो में लगी आग

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ कानपुर । यूपी में नौतपा का आज तीसरा दिन है। मौसम के दो रंग नजर आ रहे हैं। पूर्वांचल में आंधी-बारिश के असर से बुधवार सुबह गर्मी थोड़ी कम है। वहीं, बुंदेलखंड में बांदा 47.4°C के साथ देश में सबसे गर्म शहर रहा। पश्चिमी यूपी में भी गर्मी से लोगों के हाल बेहाल हैं। झुलसाने वाली गर्मी के बीच अयोध्या में चलते ऑटो में आग लग गई। यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। झांसी में सड़कों को ठंडा रखने के लिए पानी बौछारें डाली जा रही हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को 16 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबकि 35 जिलों में हीटवेव (लू) की भी चेतावनी जारी की है। इनमें से 6 शहरों-आगरा, जालौन, झांसी,



बांदा, हमीरपुर और महोबा के लिए रेड अलर्ट है। यानी यहां बहुत गर्म हवाएं चलेंगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेश में नौतपा में मौसम बदला रहेगा। गर्मी और लू से राहत मिलने के संकेत हैं। क्योंकि, कल यानी 28 मई से नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है। इसमें आंधी-तूफान, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। तापमान में 6-8°C तक की गिरावट आ सकती है। नौतपा के 9 दिनों के दौरान तापमान 40-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। लोगों को रोजमर्रा के काम, ऑफिस या जरूरी जिम्मेदारियों के कारण बाहर निकलना ही होता है। लेकिन जरा सी लापरवाही से डीहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, थकान, कमजोरी और चक्कर जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### बांदा में हेलमेट लगाकर ऑटो चलाया

बांदा में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। दोपहर 12 बजे तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। इस बीच एक ई-रिक्शा चालक ने अनोखा तरीका अपनाया है। ई-रिक्शा चालक अब हेलमेट पहनकर वाहन चला रहा है। चालक श्रीराम प्रजापति ने बताया कि बीते दिनों तेज गर्मी और लू के कारण तबीयत खराब हो गई थी। सिर में तेज दर्द, चक्कर और लगातार उल्टी की शिकायत हुई थी। इसके बाद हमने तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए हेलमेट पहनकर ई-रिक्शा चलाना शुरू कर दिया।



■ झांसी में सुबह से ही सड़कों पर पानी की बौछारे डाली जा रही हैं। ताकि लोगों को तपिश से राहत दिलाई जा सके।

**मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-28 मई को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। दक्षिण बिहार और आसपास के क्षेत्रों में ऊंचाई पर चक्रवाती हवा की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में प्रदेश में अगले एक हफ्ते तक आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। हवा की रफ्तार 50-60 किमी/घंटे तक पहुंच सकती है।**

# यूपी में 50 हजार बेटियों को फ्री स्कूटी मिलेगी

## ये पहली बार की वोटर, पेट्रोल मॉडल या ईवी, ये अभी तय नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। योगी सरकार यूपी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़ा दांव खेलने जा रही है। इस साल 50 हजार से ज्यादा मेधावी बेटियों को फ्री स्कूटी देने की तैयारी है। सरकार 2022 विधानसभा चुनाव के वक्त किए गए वादे को पूरा करने जा रही है। इसके लिए 400 करोड़ रुपए का बजट भी तय हो चुका है। चुनावी साल में स्कूटी देकर सरकार को 3 बड़े फायदे हो सकते हैं-

पहला- यूपी में कुल वोटर 13.40 करोड़ हैं। इनमें 6.09 करोड़ महिलाएं हैं। स्कूटी देकर सरकार महिला वोटर में बड़ा मैसेज देना चाहती है।



दूसरा- फ्री स्कूटी पाने वाली ज्यादातर लड़कियां 2027 में पहली बार वोट देंगी। बेटियों के जरिए सरकार 'अच्छी सोच, अच्छे काम' का संदेश दे रही है।

तीसरा- विपक्ष चुनाव के वक्त मुद्दा बनाता कि भाजपा ने जो वादे किए थे, वो पूरे नहीं किए। इसलिए सरकार तेजी से इस ओर काम कर रही है।

ईवी स्कूटी पर ज्यादा जोरः शासन का मानना है कि बेटियों को पेट्रोल स्कूटी देने से उन पर पेट्रोल का खर्च बढ़ेगा। इसके बजाय इलेक्ट्रिक स्कूटी देना ज्यादा कारगर होगा। इससे वे कम खर्च में कॉलेज आ-जा सकेंगी। साथ ही परिवार पर ज्यादा आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। हालांकि, सरकार में मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि गांव की बेटियों को चार्जिंग में दिक्कत आ सकती है। मजबूती और टिकाऊपन पहली शर्तः ऑटोमोबाइल कंपनियों से ऐसी स्कूटी खरीदने की तैयारी है, जो कम लागत वाली हो। साथ ही मजबूत हो, जिससे छात्राएं लंबे समय तक स्कूटी चला सकें।

### बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत शिक्षा, आत्मरक्षा और नेतृत्व कौशल का मिलेगा प्रशिक्षण

# एनटीपीसी टांडा में 'सपनों की उड़ान' कार्यशाला का शुभारंभ

**कार्यक्रम**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा की ओर से नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत आयोजित 'सपनों की उड़ान' बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला-2026 का भव्य शुभारंभ सरगम सभागार में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल के माध्यम से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएस-पीसीएल दिवाकर कौशिक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तरा क्लब की अध्यक्षा सीमा कौशिक मौजूद रहीं। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद एनटीपीसी गीत और गरिमा महिला मंडल की ओर से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला के दौरान बालिकाओं को शिक्षा, कंप्यूटर ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, योग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आत्मरक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों और नेतृत्व कौशल से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाना है।




**बालिका सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की नींव**

दिवाकर कौशिक ने कहा कि बालिका सशक्तिकरण केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी की गर्ल एम्पावरमेंट मिशन पहल देशभर में हजारों बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

**सीमा कौशिक ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाएं अपने जीवन को नई दिशा दे सकती हैं। ऐसी कार्यशालाएं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।**



**प्रेरणादायी फिल्म और सांस्कृतिक कार्यक्रम बने आकर्षण**

कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण अभियान पर आधारित एक प्रेरणादायी फिल्म दिखाई गई। इसमें इस पहल से बालिकाओं के जीवन में आए बदलावों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ बाल भवन और गरिमा महिला मंडल से जुड़ी छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जेम बालिकाओं की ओर से योग प्रदर्शन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सभागार में मौजूद लोगों ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की।

# बैंकिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

### कलेक्ट्रेट में हुई डीसीसी-डीएलआरसी बैठक, लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर फोकस

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार की शाम वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के अंतर्गत डीसीसी एवं डीएलआरसी की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इसमें मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना शर्मा सहित संबंधित विभागों और बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बैंकिंग और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं के तहत प्राप्त सभी प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की विभिन्न स्वरोजगार आधारित योजनाओं का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ना है। ऐसे में बैंकर्स लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में सकारात्मक और उदार दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत सीसीएल, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और अन्य योजनाओं के लंबित आवेदनों की समीक्षा की। इन मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि जनपद का सीडी रेशियो 51 प्रतिशत से अधिक है, जो पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ा है। इसके बावजूद जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुसार और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सभी बैंकों को प्रगति और तेज करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के खातों के शीघ्र खुलवाने और उन्हें ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए, इसके लिए बैंक और विभागीय समन्वय जरूरी है।

**फास्ट न्यूज**

### पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता

अम्बेडकरनगर। जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय ने बताया कि सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन मौजूद है। ऐसे में लोगों को घबराने या अतिरिक्त भंडारण करने की जरूरत नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार जिले के पेट्रोल पंपों पर करीब 998 किलोलीटर डीजल और 986 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है।

### गंगा दशहरा पर जलालपुर में धार्मिक आयोजन

अंबेडकरनगर । जलालपुर क्षेत्र में मंगलवार को गंगा दशहरा पर्व श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। तमसा नदी के किनारे स्थित शिवाला मंदिर के पक्का घाट (उष्मापुर) पर तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट की ओर से विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद दीपोत्सव, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीपदान कर घाट को रोशनी से भर दिया। दीपों की कतार से पूरा घाट जगमगा उठा और धार्मिक वातावरण और गहरा हो गया।

### नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने याद किए आधुनिक भारत के योगदान

अम्बेडकरनगर। पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गोष्ठी आयोजित कर उनके योगदान को याद किया गया।

## 17 साल पुराने दहेज हत्या मामले में पति और सास को उम्रकैद

### अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिले के सम्मनपुर थाना क्षेत्र में 17 साल पुराने दहेज हत्या मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार की अदालत ने मृतका भूइला उर्फ सुशीला के पति अनिल राजभर और सास गेना देवी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर अर्थदंड भी लगाया गया है। मामले के अनुसार, रामराजभर ने अपनी बेटी भूइला उर्फ सुशीला (21) का विवाह लगभग 10 वर्ष पहले अनिल राजभर से किया था। गौना की रस्म करीब एक वर्ष पहले संपन्न हुई थी। आरोप है कि गौना के दौरान ही दामाद अनिल, उसके जेठ नंदलाल और गोवर्धन ने बाइक की मांग की थी। बाइक नहीं मिलने पर विदाई रोक दी गई थी। बाद में परिवार के समझाने पर सुशीला को ससुराल भेजा गया।

पिता रामराजभर के अनुसार विवाह के बाद ससुराल पक्ष की ओर से दहेज में बाइक की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ना की जाती थी। इसमें सास गेना देवी और जेठानी शीला पर भी आरोप लगाए गए थे। सुशीला समय-समय पर फोन के जरिए अपने परिवार को परेशानियों की जानकारी देती थी।

11 जून 2008 को रामराजभर को सूचना मिली कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है। आरोप है कि पति अनिल, सास गेना देवी और अन्य परिजनों ने मिलकर रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# बकरीद पर अम्बेडकरनगर में भारी वाहनों का डायवर्जन लागू

### सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक बदले रहेंगे कई मार्ग

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बकरीद के मौके पर जिले में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने गुरुवार को भारी वाहनों के लिए विशेष डायवर्जन प्लान लागू किया है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर यह व्यवस्था सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोड़कर अन्य भारी वाहनों के प्रवेश और आवाजाही पर निर्धारित मार्गों के अनुसार रोक और डायवर्जन रहेगा।

पुलिस प्रशासन ने अकबरपुर, टाण्डा, जलालपुर और बसखारी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर डायवर्जन व्यवस्था लागू की है। त्योहार के दौरान बाजारों और मुख्य मार्गों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।



आजमगढ़ और बसखारी की ओर से अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को न्यौतरिया बाईपास, गोहन्ना चौराहा, पहतीपुर श्रवण क्षेत्र और अन्नावा मार्ग से भेजा जाएगा। अयोध्या से आने वाले वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। बस्ती और टाण्डा से अकबरपुर आने वाले भारी वाहनों को कटरिया याकूबपुर से डायवर्ट कर बाईपास मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।

**टाण्डा और जलालपुर क्षेत्र में भी बदला रहेगा रूट**

अकबरपुर से टाण्डा की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को धरमनगर पुल से राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं टाण्डा क्षेत्र के कश्मिरिया, चिन्तौरा और धुरहिया मार्गों से हल्के और भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जलालपुर क्षेत्र में अकबरपुर से आने वाले भारी वाहनों को हाथी पार्क तिराहा से मालीपुर रोड की तरफ मोड़ा जाएगा। रफीगंज से जलालपुर की तरफ आने वाले भारी वाहनों को मंगुराडीला रोड से बसखारी की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। बसखारी से जलालपुर जाने वाले भारी वाहनों को भी मंगुराडीला रोड से रफीगंज रोड की तरफ भेजा जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई फरियादियों की शिकायतें सुनीं

### शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। पुलिस कार्यालय में बुधवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सामने रखीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में जमीन विवाद, पारिवारिक मामले, आपसी रंजिश और पुलिस से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। प्रत्येक शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने विस्तृत जानकारी ली और मौके पर मौजूद अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाए और शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशान न किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है। इसलिए हर शिकायत को गंभीरता से लेकर प्रभावी कार्रवाई की जाए।उन्होंने यह भी कहा कि नियमित जनसुनवाई से लोगों का भरोसा बढ़ता है और पुलिस-जन संवाद मजबूत होता है।

### अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य

# आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान भारत–जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिले में चल रहे कार्ड निर्माण अभियान की स्थिति, लक्ष्य और अब तक की उपलब्धियों की जानकारी ली गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शैवाल ने बताया कि जनपद में निर्धारित लक्षित परिवारों में से अधिकांश परिवारों में कम से कम एक गोल्डन कार्ड बनाया जा चुका है। इसी तरह कुल लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक बड़ी संख्या में कार्ड बनाए जा चुके हैं। हालांकि अभी भी कुछ पात्र लाभार्थी शेष हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के लाभार्थियों के कार्ड निर्माण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के लोगों तक प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ पहुंचाया जाए। साथ ही निर्देश दिया गया कि सभी आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य कैंप के माध्यम से निःशुल्क किए जाएं, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखें और अभियान की रोजाना समीक्षा करें।



**मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बैठक में बताया कि जिले में लक्षित परिवारों और लाभार्थियों के सापेक्ष बड़ी संख्या में गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष पात्र लोगों के लिए अभियान लगातार जारी है।**

**डीएम ने अभियान को और तेज करने के दिए निर्देश**

जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुरक्षा पहुंचाना है। इसलिए अभियान चलाकर शेष सभी पात्र लाभार्थियों के कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रतिदिन कार्ड निर्माण की प्रगति सुनिश्चित करें। जहां सीएचओ उपलब्ध नहीं हैं, वहां पंचायत सहायकों को जिम्मेदारी दी जाए ताकि काम में कोई बाधा न आए।

**गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर**

डीएम ने कहा कि इस अभियान में कोटेदारों, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का कार्ड बनने से वंचित न रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य, पंचायत, पूर्ति और बाल विकास विभाग मिलकर संयुक्त रूप से अभियान को आगे बढ़ाएं।

# दलहन-तिलहन खरीद केंद्र शुरू 5 जून तक खरीद का लक्ष्य

### डीएम ईशा प्रिया ने तय की पूरी क्रय व्यवस्था, अधिकारियों को सख्त निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिले में दलहन और तिलहन फसलों की खरीद के लिए क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। रबी 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के तहत तूर (अरहर), चना, मसूर और लाही-सरसों की खरीद मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत की जाएगी।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि शासन के निर्देश पर फसलवार लक्ष्य तय कर खरीद प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर खसरा, खतौनी और नाम का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसके लिए संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी को सत्यापन अधिकारी नामित किया गया है। डीएम ने कहा कि राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारी पर्यवेक्षण करेंगे ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। डीएम ईशा प्रिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्रों पर खरीद कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 5 जून तक हर हाल में खरीद प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। उन्होंने यूपीसीयू और यूपीसीएफ के जिला प्रबंधकों को निर्देशित किया कि शासन की क्रय नीति का सख्ती से पालन हो और किसानों को तत्काल सुविधा मिले।

**डीएम ने तय किए क्रय केंद्र, एजेंसियां नामित**

जिलाधिकारी के अनुसार अकबरपुर तहसील में यूपीसीयू एजेंसी के तहत जिला सहकारी सभा अयोध्या शाखा अकबरपुर और सिंझौली मंडी परिसर को क्रय केंद्र बनाया गया है। वहीं टांडा तहसील के बसखारी विकास खंड में यूपीसीएफ के माध्यम से बी-पैक्स बसखारी नंबर-1 परिसर स्थित गोदाम को क्रय केंद्र के रूप में अनुमोदित किया गया है।

डीएम ने कहा कि सभी केंद्रों पर व्यवस्था समय से और तय मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाए।

## सरकारी तालाब पर अवैध मिट्टी पटाई, ग्रामीणों में आक्रोश

### जेसीबी और ट्रैक्टर से चल रहा काम

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चांदपुर भटपुरा में सरकारी तालाब पर अवैध मिट्टी पटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि खुलेआम जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली की मदद से तालाब क्षेत्र में मिट्टी डालकर कब्जे की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह काम राजस्व और खनन विभाग के नियमों की अनदेखी कर किया जा रहा है। इसके बावजूद मौके पर किसी तरह की रोकथाम की कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की जमीन पर लगातार मिट्टी डालकर उसका स्वरूप बदला जा रहा है। इससे न केवल जलस्रोत प्रभावित हो रहा है, बल्कि सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का भी मामला सामने आ रहा है। लोगों ने सवाल उठाया है कि दिनदहाड़े चल रहे इस काम पर जिम्मेदार विभागों की नजर क्यों नहीं पड़ रही है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है कि खनन और राजस्व विभाग को जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते रोक नहीं लगी तो तालाब पूरी तरह खत्म हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर अवैध मिट्टी पटाई पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई है। लोगों का कहना है कि सरकारी जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि इस तरह के मामलों पर रोक लग सके।



**निलंबित : डीपीआरओ के औचक निरीक्षण में खुली लापरवाही की पोल, कई कमरे महीनों से बंद मिले**

# देवहट सचिवालय में 'गंदगी का राज' उजागर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बसखारी विकास खंड की ग्राम पंचायत देवहट स्थित ग्रामीण सचिवालय में साफ-सफाई व्यवस्था की गंभीर खामियां सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय के औचक निरीक्षण में सचिवालय परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था को लेकर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान सचिवालय भवन की हालत बदहाल मिली। कई कमरे लंबे समय से बंद पाए गए और उनमें नियमित सफाई नहीं की गई थी। परिसर में घास-फूस उगा हुआ था और चारों ओर अव्यवस्था का माहौल था। स्थिति देखकर अधिकारियों ने मौके पर ही नाराजगी जताई। जांच में सामने आया कि सफाईकर्मी सुनील कुमार बिना किसी सूचना के लगातार दो दिन से अनुपस्थित थे। प्राथमिक जांच में यह भी पाया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा दिए गए साफ-सफाई संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया गया।




**घटना के बाद पंचायत राज विभाग ने ग्रामीण सचिवालयों की नियमित निगरानी और निरीक्षण को और सख्त करने के संकेत दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी परिसरों की साफ-सफाई और व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

**तत्काल निलंबन, जांच के आदेश जारी**

लापरवाही को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाईकर्मी सुनील कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), मियांव को मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच में यह तय किया जाएगा कि लापरवाही किस स्तर तक रही और जिम्मेदारी किसकी बनती है। विभागीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

सचिवालय में बुनियादी सफाई व्यवस्था तक प्रभावित मिली, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निरीक्षण के दौरान स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की गई।

प्रशासन ने आदेश जारी किया है कि निलंबन अवधि के दौरान सफाईकर्मी को विकास खंड बसखारी कार्यालय से संबद्ध रखा जाएगा। नियमानुसार उसे जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

साथ ही स्पष्ट किया गया है कि बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक रहेगी।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई सात ट्रक और दो ट्रैक्टर सीज

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में सफेद बालू से लदे 7 ट्रक और 2 ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया। कार्रवाई के बाद खनन कारोबारियों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर की गई। जिलेभर में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत उपजिलाधिकारी आलापुर और क्षेत्राधिकारी आलापुर के नेतृत्व में जिला खनन अधिकारी, एआरटीओ और राजेसुल्तानपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम अन्नुपुर-कम्हरिया रोड के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान सफेद बालू लदे कई वाहनों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि कुछ वाहन निर्धारित मानकों से अधिक लोड लेकर चल रहे थे और खनन नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

**राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में ओवरलोडिंग और नियम उल्लंघन पर संयुक्त टीम की छापेमारी**

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने खनन अधिनियम, ओवरलोडिंग नियमों और संबंधित प्रावधानों के तहत 7 ट्रक और 2 ट्रैक्टर को मौके पर ही सीज कर दिया।

अधिकारियों के अनुसार सभी वाहन बिना नियम पालन के परिवहन करते पाए गए, जिसके बाद कार्रवाई की गई।

# कासगंज में दबंग ने साधु को पीट-पीटकर मार डाला

## कसूर सिर्फ इतना था- पानी के लिए हैंडपंप चलाने को कहा था

**तमसा संकेत, एजेंसी**



कासगंज। कासगंज में दबंग ने एक साधु की पीट-पीटकर हत्या कर दी। साधु का कुसूर बस इतना था कि पानी पीने के लिए उसने एक दबंग को हैंडपंप चलाने को कह दिया। इस पर वह भड़क गया और साधु को मारना-पीटना शुरू कर दिया।

हालांकि, लोगों ने उस समय साधु को बचा लिया। लेकिन, कुछ ही देर बाद आरोपी ने फिर से साधु को पकड़ लिया और लाठी से पीटकर अधमरा कर दिया। गंभीर हालत में गांव के लोगों ने साधु को अस्पताल पहुंचाया, जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मंगलवार की यह वारदात जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर नगला पीपल गांव की है। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है।

35 वर्षीय साधु विपिन कुमार करीब 15 सालों से नगला पीपल और भरसोली गांव के अलग-अलग मंदिरों में रहकर सेवा करते थे। दिनभर वह मंदिरों में ही रहते थे। पूजा-पाठ करते थे। साधु की बहन की शादी नगला पीपल गांव में ही हुई है।

जीजा जयप्रकाश ने बताया- मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे से 2 बजे के बीच साधु विपिन गांव के मंदिर के पास पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे। वहीं पास में एक हैंडपंप है। प्यास लगने पर वह हैंडपंप के पास पहुंचे, वहां मौजूद भड़पुरा के कौशल कुमार से उन्होंने नल चलाने को कह दिया।

# मेरठ में पिता ने बेटी की गला दबाकर हत्या की

## गुपचुप किया अंतिम संस्कार, मामा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**तमसा संकेत, एजेंसी**



मेरठ । मेरठ के पिता ने दूसरी पत्नी के साथ मिलकर अपनी 17 वर्षीय बेटी की हत्या कर दी। गुपचुप तरीके से शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के मामा को इसका पता चला तो वह गांव पहुंच गए और विरोध कर दिया। मामा की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई। मंगलवार देर रात हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिता ने बताया- बेटी मोबाइल चलाती थी और लड़कों से बात करती थी। इसलिए गला घोट कर हत्या कर दी।

वहीं इस मामले में पुलिस को एक ऑडियो भी मिला है। ऑडियो में बेटी अपनी मौसी से बोल रही है कि मामा से कह दो, वह मुझे आकर ले जाएंगे, वरना यह लोग मुझे मार देंगे। घटना भावनपुर थाना क्षेत्र की गोकुलधाम सोसाइटी की है। भावनपुर थाना क्षेत्र की गोकुलधाम सोसाइटी में कपिल भारद्वाज परिवार के साथ रहते हैं। साल 2009 में कपिल भारद्वाज की शादी हापुड़ निवासी प्रीति से हुई थी। शादी के बाद प्रीति ने एक बेटी खुशी उर्फ़ खुशबु और फिर एक बेटे राधे को जन्म दिया। वर्ष 2017 में प्रीति की मौत हो गई। इसके बाद कपिल ने 6 महीने बाद ही पिंकी नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली। सोमवार रात बेटी खुशी की में मौत हो गई। कपिल भारद्वाज ने आनन फानन में बेटी का अंतिम संस्कार भी कर दिया।

# पर्यटन मंत्री ने लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज देर शाम सीजीसीटी लखनऊ में निर्माणाधीन नौसेना सौर्य संग्राहालय (नौसेना सौर्य वाटिका) के लोकार्पण के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस संग्रहालय को 30 मई, 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा0 योगी आदित्यनाथ जी एवं भारत के रक्षा मंत्री मा0 श्री राजनाथ सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति में लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि संग्रहालय का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जानकारी प्राप्त की। पर्यटन मंत्री ने नौसेना शौर्य संग्रहालय स्थल जाकर विधिवत स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा नौसेना सौर्य वाटिका एक पार्क नहीं है बल्कि यह हमारी सेना के बहादुर सेनानियों को श्रद्धान्जलि देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह राजधानी वासियों के लिए राज्य सरकार का एक तोहफा है। आगन्तुक इस संग्रहालय को देखकर नौसेना के कर्तव्य एवं पराक्रम पर गर्व करेंगे। गोमती पोत लखनऊ की पहचान बनेगा साथ ही एक पर्यटन केन्द्र के रूप में दर्शकों को आकर्षित करेगा। उन्होंने संग्रहालय के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि इस नौसेना शौर्य वाटिका का निर्माण भारतीय नौसेना और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

# ईद को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग तैयार

## मेरठ में कचरे के लिए मिलेंगे एक्स्ट्रा पॉलीबैग

**तमसा संकेत, एजेंसी**



मेरठ । मेरठ में ईद के त्यौहार को लेकर सभी विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर अपनी तैयारियां पूरी की जा रही हैं, ताकि शहर में शांतिप्रिय तरीके से त्यौहार मनाया जा सके। इसी क्रम में नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर से सभी तैयारियां पूर्ण करने का दावा कर रहा है। नगर आयुक्त सौरव गंगवार ने बताया कि ईद पर सफाई व्यवस्था सुचारू रखने के लिए खास तौर पर मुस्लिम बाहुल्य वार्डों में सफाई गाड़ी के साथ-साथ एक्स्ट्रा पॉलीबैग भी दिए जाएंगे। जिसमें कुर्बानी या अन्य चीजों से जो गंदगी निकलेगी उसे उसमें भरकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचा जा सके ताकि सफाई व्यवस्था बरकरार रहे।

जो गाड़ियां वार्डों से कचरा ले जाकर डंपिंग ग्राउंड पर मिल जाती है उनके भी फेरे बढ़ाए गए हैं ताकि शहर में गंदगी को लेकर कोई परेशानी ना हो। उसके साथ-साथ अन्य ड्यूटी स्पेशल कर्मियों की भी लगाई गई है। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में कुछ नोडल भी नियुक्त किए गए हैं जो सफाई की व्यवस्था को देखेंगे। इसके साथ-साथ पानी की जो सप्लाई नगर निगम द्वारा की जाती है उसका भी समय बढ़ाया गया है ।आमतौर पर जो पानी 10:00 बजे तक सुबह रहता है वह ईद के दिन 11:00 बजे तक रहेगा ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो क्योंकि गर्मी का मौसम है ऐसे में पानी की भी आवश्यकता अधिक होगी।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

पत्रांक-976/विज्ञापन/होर्डिंग/बैनर आदि नीलामी/2026-27 दिनांकः-26/05/2026

## नीलामी सूचना
## (विज्ञापन, होर्डिंग, बैनर आदि वर्ष 2026-27)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, अकबरपुर सीमात्तर्गत विज्ञापन, होर्डिंग, पोस्टर, परचा, पताका, विद्युत या इलेक्ट्रानिक युक्त/परिवर्तनशील पट, गुब्बारा, छतरी, वाल पेन्टिंग, सचल वाहन पर विज्ञापन की नीलामी वर्ष 2026-27 (दिनांक 01.06.2026 से 31.03.2027 तक के लिये) दिनांकः 02.06.2026 समय 12.00 बजे नगर पालिका परिषद, अकबरपुर कार्यालय स्थिति सभागार भवन में होगी, यदि किन्ही कारणों नीलामी उक्त तिथि को नही होती है तो पुनः नीलामी 05.06.2026 को 12.00 बजे होगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को नगर पालिका परिषद, अकरबपुर द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। इच्छुक व्यक्ति जो शर्तों को पूरा करते हैं, नीलामी में भाग ले सकते हैं।

## नीलामी की शर्ते

1. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को दिनांक 02.06.2026 समय 03.00 बजे अपराह्न तक रु0-50,000.00 (पचास हजार रुपये) की धनराशि नगद / डिमाण्ड ड्राफ्ट जो अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अकबरपुर के पक्ष में जमानत के रुप में देय होगा जमाकर अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है।
2. सर्वाधिक बोली बोलने वाले को नीलामी के उपरान्त नीलामी धनराशि का 50 प्रतिशत धनराशि तुरन्त नगद / ड्राफ्ट जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अकबरपुर के पक्ष में देय हो जमा करना होगा। किसी भी दशा में चेक स्वीकार नही किया जायेगा।
3. नीलामी धनराशि के शेष 50 प्रतिशत धनराशि 30 दिन के अन्दर जमा करना होगा अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा और जमा धनराशि जब्त कर लिया जायेगा। पुनः नीलामी होने पर होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी पूर्व मे नीलामी लेने वाले व्यक्ति की होगी।
4. नीलामी स्वीकृत उपरान्त नीलामी राशि पर स्टाम्प अधिनियम के अनुसार स्टाम्प जमा कर अनुबन्ध करने की जिम्मेदारी नीलामी लेने वाले की होगी, साथ में दो जमानते भी देनी होगी।
5. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को नीलामी बोली से पूर्व पालिका परिषद में अदेयता प्रमाण पत्र (No Dues) जमा करना अनिवार्य होगा।
6. पोस्टर बिंल तथा दुसरे प्रकार के विज्ञापनों एवं ग्लोसाईन बोर्ड/एल०ई०डी० स्क्रीन की फीस वसूली की नीलामी पालिका सीमान्तर्गत पालिका द्वारा चिन्हित स्थलों पर ही विज्ञापन पट लगाना होगा एवं बिजली के खम्बों व पालिका सीमा में प्रवेश द्वारा पर विज्ञापन नही लगाया जा सकता है। शासन/जिला प्रसाशन द्वारा यदि किसी साईट पर आपत्ति की जाती है तो उसे हटाना होगा। चिन्हित स्थलों के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय का मुआयना किया जा सकता है।
7. ठेकेदार द्वारा लगायी गयी होर्डिंग की सूची प्रति माह विभाग को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा व अवैध होर्डिंग हटाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
8. ठेकेदार अथवा उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति नगर पालिका परिषद द्वारा निर्धारित दरों से ही वसूली करेंगे तथा प्राप्ति रसीद तत्काल निर्गत की जायेगी।
9. ठेकेदार ठेके के सम्बन्ध में आय-व्यय का दैनिक विवरण रखेगा और नगर पालिका अधिकारियों के मांगने पर प्रस्तुत करेगा।
10. वसूली हेतु प्रयुक्त होने वाले रसीद बुकें ठेकेदार स्वयं छपवायेगा, रसीद पर धनराशि का स्पष्ट अंकन होना आवश्यक होगा।
11. नीलामी बोली को स्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अकबरपुर में निहित होगा।
12. सर्वाधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति के द्वारा शर्तानुसार धन न जमा करने पर नगर पालिका प्रशासन को यह अधिकार होगा कि सर्वाधिक बोली बोलने वाले की जमानत धनराशि जब्त कर पुनः नीलाम करायें अथवा अपनी व्यवस्था से वसूली सुनिश्चित कराये।
13. ठेके की धनराशि न जमा होने की स्थिति में ठेकेदार की जमानत धनराशि जब्त कर अवशेष धनराशि की वसूली भू-राजस्व की भांति की जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
14. यदि नीलामी प्रक्रिया में उच्च बोली स्वीकृति के पश्चात बोलीदाता बोली का पैसा समय के अन्दर नही जमा करता है अथवा पालिका शर्तों का उल्लघंन करता है तो, उसका ठेका निरस्त कर द्वितीय/तृतीय बोलीदाता की बोली को स्वीकृत करने का अधिकारी अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष में निहित होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**अकबरपुर अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**अकबरपुर अम्बेडकरनगर**

